भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-323

उत्तर दिनांक - 25/07/2024 को दिया गया

छोटे मॉड्यूलर रिएक्टर

323. श्री प्रमोद तिवारी

क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या सरकार छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों के विनिर्माण के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना की तर्ज पर रियायतें देने का विचार रखती है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार अन्य देशों के साथ सहयोग करने तथा छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों का स्वदेशी विकास करने के विकल्प तलाश रही है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, तथा देश में छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों के उत्पादन में निजी कंपनियों द्वारा क्या रुचि दिखाई गई है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) से (ग) परमाणु ऊर्जा विभाग लघु मॉड्यूलर रिएक्टरों के क्षेत्र में दुनिया भर में विकास और हाल के रुझानों पर अवलोकन कर रहा है। जबकि विभिन्न देशों और विदेशी-आधारित विक्रेताओं द्वारा प्रकाशित, लघु मॉड्यूलर रिएक्टरों की विभिन्न प्रौद्योगिकियों और डिजाइनों का तकनीकी विवरण एकत्र करने के लिए अध्ययन किया जा रहा है, विदेशी विक्रेताओं/देशों के साथ सहयोग करने का कोई प्रस्ताव वर्तमान में विचाराधीन नहीं है। वर्तमान में, किसी भी निजी संगठन ने लघु मॉड्यूलर रिएक्टर की स्थापना में रुचि नहीं दिखाई है। हालांकि, कुछ निजी संगठनों ने अपने आबद्ध स्थल पर लघु रिएक्टर स्थापित करने में रुचि दिखाई है।

*****